an>

Title: The Minister of State in the Ministry of Youth Affairs and Sports, Ministry of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation made a statement regarding facts relating to alleged violation of Anti-Doping Rules by Wrestler.

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विजय गोयल) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं इस सम्मानित सदन के समक्ष पहलवान श्री नरसिंह पंचम यादव से जुड़े डोप-रोधी नियमों के उल्लंघन से संबंधित मामले के तथ्यों से इस सदन को अवगत कराने के लिए सरकार के आशय के संबंध में एक स्वप्रेरणा वक्तव्य देना चाहता हूँ।

श्री नरसिंह पंचम यादव ने वर्ष 2015 की विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता था। इसी पदक के आधार पर उन्होंने रियो, ब्राजील में आयोजित किए जाने वाले ओलंपिक खेल, 2016 में 74 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती स्पर्धा में भारत के लिए कोटा स्थान प्राप्त किया। वे भारतीय खेल प्राधिकरण, सोनीपत के प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण ले रहे थे।

वर्ष 2009 में स्थापित राष्ट्रीय डोप-रोधी एजेंसी (नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी, नाडा) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त (अटोनोमस) निकाय है जो भारत में खेलों को डोप मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नाडा भारत में खेलों में डोपिंग के विरुद्ध संघर्ष के संवर्धन, समन्वय और निगरानी के उद्देश्य से विश्व डोप-रोधी एजेंसी (वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी, वाडा) की संहिता का पूरी तरह से अनुपालन करती है।

वाडा और नाडा के नियमों के अनुसार किसी भी खिलाड़ी का आउट-आफ-कॉम्पिटिशन के दौरान किसी भी समय और किसी भी स्थान पर बिना किसी अग्रिम सूचना के परीक्षण किया जा सकता है। पंजीकृत परीक्षण पूल के तहत खिलाड़ियों का उनकी स्थान संबंधी सूचना के अनुसार कोई अग्रिम सूचना दिए बिना अक्सर परीक्षण किया जाता है। आउट-आफ-कॉम्पिटिशन परीक्षण, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई)/ राÂष्ट्रीय खेल परिसंघों (नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन) से खिलाड़ियां के प्रशिक्षण शिविरों के संबंध में प्राप्त सूचना के आधार पर किए जाते हैं। प्रमुख स्पर्धाओं (स्पोर्ट्स) में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का नियमित रूप से परीक्षण किया जाता है। इन-कॉम्पिटिशन्स में परीक्षण, प्राप्त पदकों के स्थान और औचक परीक्षण पर आधारित होता है।

श्री नरसिंह पंचम यादव के नमूने 25 जून, 2016 और 5 जुलाई, 2016 को लिए गए। 25 जून, 2016 को लिए गए नमूना ए के डोप पॉजिटिव होने की सूचना प्राप्त हुई। खिलाड़ी को ई-मेल के द्वारा सूचित किया गया। नाडा के डोप-रोधी नियमों के अनुसार पहलवान ने बी नमूना विश्लेÂषण के लिए अपनी सहमति दे दी। 25 जून के नमूना बी को 21 जुलाई, 2016 को पहलवान नरसिंह यादव की उपस्थिति (प्रजेन्स) में खोला गया और इसका विश्लेÂषण (एनालिसिस) किया गया तथा प्रयोगशाला ने अपनी रिपोर्ट दी। बी नमूना विश्लेषण रिपोर्ट ने नमूने में उसी पदार्थ (एडवर्स एनालिटिकल फाइन्डिंग फॉर मिथेनडाइनोन) की उपस्थिति की पुÂिष्ट की। नाडा ने उन्हें अंतरिम (प्रोविज़नली) तौर पर निलंबित कर दिया है।

इसी बीच वाडा की सलाह को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ी श्री नरसिंह यादव से 5 जुलाई, 2016 को एक और नमूना (सैम्पल) एकत्रित किया गया था। 23 जुलाई, 2016 को उस परीक्षण के नमूना ए के भी पाजिटिव होने की सूचना प्राप्त हुई है और खिलाड़ी को इस बारे में सूचित कर दिया गया। लेकिन खिलाड़ी ने लिखित में दिया है कि वह नहीं चाहते हैं कि उनकी उपस्थिति में नमूना बी को खोला जाए, यानी वह अपनी प्रजेन्स में उसको खुलवाना नहीं चाहते हैं जो सील्ड था।

नाडा के डोप-रोधी अनुशासनिक पैनल (एंटी डोपिंग पैनल) ने इस मामले में 23 और 27 जुलाई, 2016 को सुनवाई की। 23 जुलाई, 2016 की सुनवाई के अनुसार एंटी-डोपिंग अनुशासनिक पैनल ने नाडा को खिलाड़ी द्वारा प्रस्तुत खाद्य संपूरकों (फूड सप्लीमेंट्स) की प्रयोगशाला में जांच करने का निर्देश दिया है। प्रयोगशाला ने सूचित किया है कि उस खिलाड़ी ने जो फूड सप्लीमेंट्स लिए थे, उसमें कोई भी प्रतिबंधित पदार्थ नहीं पाया गया। अगली सुनवाई 28 जुलाई, 2016 यानी आज है। पैनल के निष्कर्षों की प्रतीक्षा है। उसके बाद स्थिति एकदम क्लीयर हो जाएगी। वह पहले ही प्रोविज़नली सस्पेंड हैं।

[Placed in Library, See No. LT 4955/16/16]

HON. SPEAKER: Now, the House will take up 'Zero Hour

Prof. K.V. Thomas.

...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : आप लोग बैठ जाइए। मैं आपको बोलने का मौका दूंगी।

â€¦(व्यवधान)

HON. SPEAKER: I will allow you.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: I have not called you. I have called Prof. K.V. Thomas.

...(*Interruptions*)

SHRI JYOTIRADITYA M. SCINDIA (GUNA): It is the same issue. ...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: One person can speak from your side.

...(*Interruptions*)

PROF. K.V. THOMAS (ERNAKULAM): Let him speak. ...(*Interruptions*)

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप बैठिये, मैं आपको चांस दूंगी। श्री ज्योतिरादित्य जी, आप बोलिये।

â€¦(व्यवधान)

12.09 hours

SUBMISSION BY MEMBERS